उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 12.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## महोबा में यूपीपीएससी एसीएफ/आरएफओ परीक्षा दो पालियों में शांतिपूर्वक सम्पन्न। डीएम एवं एसपी ने परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश...।




आज दिनांक- 12.10.2025 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित सहायक वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी (एसीएफ/आरएफओ) परीक्षा जनपद महोबा में दो पालियों में शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हुई। परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा और निगरानी के व्यापक इंतज़ाम किए गए थे। परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी महोबा श्रीमती गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह सहित अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा भ्रमणशील रहते हुए विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केन्द्रों पर साफ-सफाई, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्थाओं की सघन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं समय से सुचारु बनी रहें।

पुलिस अधीक्षक श्री प्रबल प्रताप सिंह ने निरीक्षण के दौरान पुलिस बल को सतर्क एवं संवेदनशील रहते हुए केंद्रों की परिधि में किसी भी प्रकार की भीड़ या अव्यवस्था न होने देने तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए।

जनपद में कुल 9 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की गई, जिनमें लगभग 3,727 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे तथा फ्लाइंग स्क्वॉड टीमों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही थी। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ यातायात एवं पीआरवी वाहनों की सक्रिय व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई थी।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक– 12.10.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## Humanity in Uniform

## "समय पर मंज़िल तक पहुँचाए सपनों के राही, महोबा पुलिस बनी परीक्षार्थियों की हमसफ़र"



आज जनपद महोबा में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पी0सी0एस0 प्रारम्भिक परीक्षा-2025 के दौरान कुछ परीक्षार्थी समान नाम वाले परीक्षा केन्द्रों के कारण भ्रमवश गलत परीक्षा केन्द्रों पर पहुँच गए थे। परीक्षा का समय निकट होने पर ये परीक्षार्थी घबराए हुए थे और समय पर अपने वास्तविक परीक्षा केन्द्र तक पहुँचने में असमर्थ हो पा रहे थे।

ऐसे में महोबा पुलिस ने अपनी संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए मानवता की मिसाल पेश की। पुलिस अधीक्षक श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में थाना पुलिस, यातायात पुलिस एवं पीआरवी वाहनों की त्वरित टीमों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

महोबा पुलिस ने भोपाल म.प्र. से परीक्षा देने आये इन्द्रपाल, प्रयागराज से परीक्षा देने आये गौरव कुमार यादव, अंकुश, सदानन्द चौबे, विवेक, आशीष सहित लगभग 20 भटके हुए परीक्षार्थियों को उनके वास्तविक परीक्षा केन्द्रों तक समय से पहुँचाया, जिससे वे परीक्षा में सम्मिलित हो सके। महोबा पुलिस की यह संवेदनशील पहल न केवल एक प्रशासनिक कर्तव्य का निर्वहन थी, बल्कि युवाओं के भविष्य और सपनों को सुरक्षित रखने का मानवीय प्रयास भी थी।

महोबा पुलिस का यह कर्तव्य केवल एक ड्यूटी का निर्वहन नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचायक था जो युवाओं के भविष्य और उनके सपनों को सुरक्षित रखने की एक सच्ची पहल साबित हुआ है।

इस सराहनीय कार्य की क्षेत्र में व्यापक सराहना की जा रही है और सोशल मीडिया पर भी "Humanity in Uniform – Mahoba Police" की यह पहल चर्चा का विषय बनी हुई है।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 12.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा




@MahobaPolice